nt>

Title: Need to improve working conditions of and provide better facilities to bidi workers in Chail Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** सभापति महोदय, सम्पूर्ण देश में 27 लाख बीड़ी मजदूर हैं। सात लाख केवल उत्तर प्रदेश में हैं। लगभग 50,000 बीड़ी कामगार मेरे संसदीय क्षेत्र में हैं। कामगारों को मानदेय बहुत कम है। 40 रुपए प्रति हजार बीड़ी मजदूरी है, जिसे 65 रुपए कर दिया जाए। मध्य प्रदेश में तेंदू के पत्ते पर टैक्स माफ हैं। उत्तर प्रदेश में चार प्रतिशत टैक्स तेंदू के पत्ते पर है। उत्तर प्रदेश में बीड़ी मजदूरों की समस्या को देखते हुए दस प्रतिशत टैक्स लगे। 20 हजार रुपए आवास सुविधा को 40 हजार रुपए कर दिया जाए। बीमा राशि दस हजार से बढ़ा कर एक लाख रुपए कर दी जाए। टी.बी. के मरीज बीड़ी कामगार ज्यादा हैं, उनके लिए मुफ्त दवा की सुविधा तथा नाक में नोज़ मॉस्क की व्यवस्था हो।